रेरा ने बिल्डरों और प्रोजेक्ट की नई रैंकिंग जारी की

■ पहले पंद्रह स्थान पर रहने वाले बिल्डरों और प्रोजेक्ट के नाम सार्वजनिक किए

पटना, हिन्दुस्तान ब्यूरो। रेरा बिहार ने रविवार को निबंधित प्रोजेक्ट और बिल्डरों (प्रमोटरों) की नई रैंकिंग जारी की है। पहले 15 स्थानों पर रहने वाले प्रोजेक्ट और बिल्डरों की अलग-अलग सूची रेरा की वेबसाइट पर जारी की गई है। ग्राहक यहां अपने प्रोजेक्ट और उस बिल्डर का पता कर सकते हैं।

15 अक्टूबर 2024 तक के रेरा के पास उपलब्ध आंकड़ों के आधार पर रैंकिंग जारी हुई है। रेरा बिहार के अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह ने बताया कि यह रैंकिंग संभावित घर और भूखंड खरीदारों के लिए एक तरह से मार्गदर्शिका है। ग्राहक किसी भी रियल एस्टेट परियोजना में निवेश करने से पहले प्रमोटर या परियोजना के प्रदर्शन की जांच कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि रैंकिंग हर तिमाही में प्रदर्शन के आधार पर बदलती है, इसलिए इससे प्रमोटरों के बीच एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धा बनी रहती है। इससे बिल्डर विभिन्न मापदंडों पर प्रदर्शन में सुधार करके अपने स्कोर को बेहतर बनाने की कोशिश करते हैं। बता दें कि रेरा ने सबसे पहले 15 अप्रैल 2024 की तिमाही प्रगति रिपोर्ट के आधार रैंकिंग जारी की थी। रविवार को रैंकिंग की तीसरी सूची जारी हुई है। रेरा की ओर से हर तिमाही यह रिपोर्ट जारी की जा रही है।